महिला महाविद्यालय में आवेदन के लिए कल अंतिम तारीख

सहायता केंद्र पर आनलाइन आवेदन करवाती छात्राएं।

रतिया : राजकीय महिला महाविद्यालय, रतिया के प्राचार्य डा. रविंद्र पुरी ने कहा कि हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग के आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीए व बीकाम प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए जिन छात्राओं ने अभी तक प्रवेश के लिये आनलाइन फार्म नहीं भरे हैं वे शीघ्रातिशीघ्र फार्म भरें। आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त निर्धारित की गई है। प्राचार्य डा. रविन्द्र पुरी ने कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं के लिए योग्य स्टाफ, पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण, क्लास रूम, पुस्तकालय, कम्प्यूटर, लैंग्वेज व भूगोल प्रयोगशाला और अन्य मूलभूत सुविधाएं है, जिससे छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में सरलता रहेगी। महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम भी शानदार रहे हैं। उप प्राचार्य प्रेम मेहता ने बताया कि आनलाइन फार्म भरने आने वाली छात्राओं के लिए महाविद्यालय में सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है।